दिन–सोमवार

दिनांक– 27 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि : 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – लंबित मामलों के निपटारे के लिए सहयोग कार्यक्रम चलाया जााएगा। इसके तहत महीने में दो दिन पंचायत स्तर पर शिविर का होगा आयोजन।

02. राज्य सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन को लेकर दिशा–निर्देश जारी किए। अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से होगी।

03. गया जंक्शन पर आज से सोलह मई तक बीस दिनों का मेगा ब्लॉक। कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित।

04. और, प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आंधी और वज्रपात की घटनाओं में पांच लोगों की मौत। किशनगंज, अररिया, मधेपुरा और सुपौल समेत आस–पास के जिलों में आज भी बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से.........**

––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि लोगों के लंबित मामलों के निपटारे के लिए सहयोग कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इसके तहत सभी पंचायतों में महीने में दो दिन शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्री चौधरी मुंगेर के तारापुर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक महीने से अधिक फाइल रखने वाले सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

––साउंड बाइट––

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर जीरो–टॉलरेंस की नीति पर सरकार कायम रहेगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण करने वाला कोई भी हो, उसे छोड़ा नहीं जाएगा।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से होगी। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय गान होगा और फिर निर्धारित कार्यक्रम शुरू होगा।

कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत से किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो. सोहैल ने इस संबंध में सभी विभागीय प्रमुखों, पुलिस महानिदेशक, सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। निर्देश में सभी सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थाओं में इनके गायन के लिए क्रम के निर्धारण की भी जानकारी दी गई है। सभी शैक्षणिक संस्थाओं का आरंभ राष्ट्रीय गीत के गायन से करने और उसके बाद राष्ट्र गान के गायन का निर्देश दिया गया है। विभाग ने अधिकारियों को इसका पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष अट्ठाईस जनवरी को राष्ट्रीय गीत के गायन और उसके सम्मान को लेकर दिशा–निर्देश जारी किये थे।

————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव गोपाल मीणा राज्यपाल के सचिव नियुक्त किए गए हैं। वे सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में बने रहेंगे। वहीं, राज्यपाल के सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। कृषि विभाग के विशेष सचिव शैलेंद्र कुमार लखीसराय के नये जिलाधिकारी बनाए गए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो. सोहैल को सामान्य प्रशासन विभाग का सचिव बनाया गया है। मो. सोहैल सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में बने रहेंगे। इसके अलावा अनुपम कुमार और बंदना प्रेयषी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए भी विरमित करने का आदेश जारी किया गया है।

————————————————————

पटना नगर निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार छब्बीस के तहत आज से स्वच्छता का जमीनी आकलन शुरू हो रहा है। इस संबंध में केंद्रीय टीम को दो दिन पूर्व ही आना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से टीम नहीं आ सकी थी। केंद्रीय टीम चौबीस मई तक शहर की सफाई व्यवस्था की जांच करेगी। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल– बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' है। इसके तहत कुल बारह हजार पांच सौ अंकों के आधार पर रैंकिंग तय होगी। सर्वेक्षण में कचरा प्रबंधन, दृश्य स्वच्छता और जनभागीदारी प्रमुख मापदंड हैं। पिछली बार स्वच्छता सर्वेक्षण में पटना नगर निगम देशभर में इक्कीसवें स्थान पर था।

---

गया जंक्शन पर आज से सोलह मई तक बीस दिनों का मेगा ब्लॉक लगाया गया है। इस दौरान प्लेटफॉर्म संख्या एक पर रेल ट्रैक के पुनर्निर्माण का कार्य होगा। इसके कारण इस रूट से गुजरने वाली कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। गया–कामाख्या एक्सप्रेस अट्ठाईस अप्रैल से सोलह मई तक मानपुर जंक्शन से प्रस्थान करेगी, जबकि कामाख्या–गया एक्सप्रेस मानपुर तक ही आएगी। वहीं, पटना–चर्लापल्ली ट्रेन अप और डाउन में परिवर्तित मार्ग से चलेगी। पटना–गया–डेहरी मेमू ट्रेन को पटना से लगभग सौ मिनट देरी से चलाया जाएगा। वहीं, सिंगरौली–पटना एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में कोचों की संख्या घटा दी गई है। मेगा ब्लॉक के दौरान भभुआ–पटना इंटरसिटी, राजगीर–पटना पैसेंजर और पटना–गया फास्ट पैसेंजर ट्रेन का भी परिचालन प्रभावित रहेगा।

---

पटना मेट्रो का परिचालन आज आम लोगों के लिए बंद रहेगा। मेट्रो प्रशासन के अनुसार मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त की टीम भूतनाथ से मलाही पकड़ी स्टेशन के बीच सुरक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं की जांच करेगी। इस दौरान ट्रैक सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफार्म सुरक्षा, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी। सुरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलने के बाद ही भूतनाथ स्टेशन से आगे मलाही पकड़ी तक मेट्रो रेल का परिचालन शुरू किया जा सकेगा।

---

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उस वीडियो को गलत बताया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक निवेश योजना का प्रचार करते हुए दिखाया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि यह वीडियो फर्जी है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाया गया है। इकाई ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री द्वारा ऐसी कोई योजना न तो शुरू की गई है और न ही उसका समर्थन किया गया है। पीआईबी ने लोगों से अपील की है कि ऐसी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

---

प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में इस समय मौसम के अलग–अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं। एक ओर जहां, दक्षिण बिहार भीषण गर्मी की चपेट में है। वहीं, उत्तर बिहार में आंधी–बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात ने भारी तबाही मचाई है। शनिवार की रात और कल आए चक्रवाती तूफान से कटिहार, पूर्णिया, अररिया, सुपौल और मधेपुरा समेत आस–पास के जिलों में जान–माल की क्षति हुई है। कटिहार में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पूर्णिया के अमौर में भी एक महिला की वज्रपात से मौत की खबर है। वहीं, अररिया में पेड़ के नीचे दबकर एक दिव्यांग महिला की मौत हो गई। बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है।

———————————————————

मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक राज्य के उत्तरी हिस्सों – किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, मधेपुरा और सुपौल में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। इधर, बिहार के दक्षिणी हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। विभाग के अनुसार आज औरंगाबाद, भभुआ, बक्सर, गया और रोहतास जिले में लू चलने की आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। हालांकि पटना समेत आस–पास के जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वज्रपात की घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी शोक–संवेदना जताई है। उन्होंने मृतकों के आश्रित को चार–चार लाख अनुग्रह अनुदान शीघ्र देने का निर्देश दिया है।

———————————————————

जाने–माने फोटोग्राफर रघु राय का कल निधन हो गया है। वे तिरासी वर्ष के थे और दो साल से कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी फोटोग्राफी को अक्सर आधुनिक भारत का "दृश्य अभिलेख" कहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

———————————————————

झारंखड के हजारीबाग की दनुआ घाटी में सड़क हादसे में गया जिले के शेरघाटी के रहने वाले एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह परिवार एक शादी समारोह में झारखंड जा रहा था। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दनुआ जंगल घाटी में गिर गयी, जिस कारण यह हादसा हुआ। हादसे पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गहरी शोक संवेदना जताई है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

————————————————————

जमुई जिले के डुमरी चेकपोस्ट पर पदस्थापित उत्पाद विभाग के तीन होमगार्ड जवानों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर झारखंड के एक व्यक्ति से यूपीआई के माध्यम से पंद्रह हजार रुपये वसूली का आरोप था, जिसे जांच में सही पाया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

————————————————————

नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र के कोशी गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में पचास हजार रुपये का इनामी अपराधी टिंकू यादव घायल हो गया। पुलिस अभिरक्षा में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिन्दा कारतूस, समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद की गयी है।

————————————————————

कटिहार जिले के सुधानी थाना क्षेत्र के रहमानपुर गांव में एक तेज रफ्तार मोटरसाईकिल की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने बाईक सवार युवक की पीट–पीट कर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

————————————————————

सीवान जिले के पचरुखी थाना क्षेत्र के पड़ौली गांव में एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए।

————————————————————

बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर प्रखंड में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

सीतामढ़ी जिले केरुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के बघौनी गांव में बागमती नदी में नहाने के दौरान डूबने से सगे भाई–बहन की मौत हो गयी।

---

अररिया जिला नियोजनालय में आज से दो दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

---

आईपीएल क्रिकेट में आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल लखनऊ में खेले गए एक मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सुपर ओवर में लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया। एक अन्य मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से पराजित कर दिया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है – सरकारी भूमि पर बने घर ध्वस्त होंगे, चाहे किसी के हों।

**दैनिक जागरण** ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को तरजीह देते हुए लिखा है – अग्रिम जमानत खारिज होने पर नहीं दे सकते सरेंडर का निर्देश।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत में मई महीने में महिलाओं के खाते में जायेंगें बीस हजार रुपए।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – मौसम के दो रंग, रोहतास में पारा तैंतालीस के पार दक्षिण बिहार में लू, सीमांचल में आंधी बारिश से पांच की मौत।

**राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं – हजारीबाग में सड़क हादसे में बिहार के एक ही परिवार के छह लोगों की मौत।

**आज** अखबार लिखता है – विश्वविद्यालयों के लिए विजन डॉक्यूमेंट अनिवार्य।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – लंबित मामलों के निपटारे के लिए सहयोग कार्यक्रम चलाया जााएगा। इसके तहत महीने में दो दिन पंचायत स्तर पर शिविर का होगा आयोजन।

02. राज्य सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन को लेकर दिशा–निर्देश जारी किए। अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से होगी।

03. गया जंक्शन पर आज से सोलह मई तक बीस दिनों का मेगा ब्लॉक। कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित।

04. और, प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आंधी और वज्रपात की घटनाओं में पांच लोगों की मौत। किशनगंज, अररिया, मधेपुरा और सुपौल समेत आस–पास के जिलों में आज भी बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।